153

विज्ञापन संख्या :...13../2022

निविदा सूचना। दिनांक– 23-02-2022

बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर स्थित वॉच टॉवर संख्या–05 के बगल के तालाब में मछली पालन कर बिक्री किया जाना है। तालाब की एरिया 1100X115 स्कवायर फिट है। उक्त तालाब में करीब 1000 किलोग्राम या इससे अधिक मछलियों को पाला जा सकता है, जिसका न्यूनतम बेस रेट 1,50,000/–रूपया है। सबसे उच्चतम राशि की बोली लगाने वाले निविदादाता को ही तालाब आवंटन किया जायेगा। तालाब के मछली को पालन कर बेचने हेतु उक्त तालाब का खुली निविदा के माध्यम से आवंटन किया जाना है। इच्छुक निविदादाता इस संबंध में अपना निविदा डाल सकते हैं।

निविदा डालने की संक्षिप्त प्रक्रिया :–

01	निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक–20/03/2022 समय 17.00 बजे अपराहन
02	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक–21/03/2022 समय 11.00 बजे पूर्वाहन

1. सभी निविदादाता अपनी–अपनी निविदा पुलिस अधीक्षक सह सहायक निदेशक (प्रशासन) बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के नाम से दिनांक–20/03/2022 के समय 17.00 बजे तक अपनी–अपनी निविदा बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में निर्धारित निविदा बॉक्स में जमा कर सकते हैं।
2. निविदा में भाग लेने वाले निविदाकर्ता, निविदा खोलने की तिथि को बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में स्वयं उपस्थित रहेंगे अथवा प्राधिकृत व्यक्ति को भेज सकते हैं, जो अपना पहचान पत्र भी साथ में रखेंगे।
3. तालाब का आवंटन 12 माह के लिए किया जायेगा। 12 महिनें की अवधि इकरारनामा पर हस्ताक्षर की तिथि से मानी जाएगी।
4. निर्धारित समयावधि के बाद आने वाले निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
5. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता के पास मछली पालन/वितरण का लाईसेंस होना अनिवार्य है।
6. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता मछली का पालन/बिक्री स्वयं/अपनें कर्मीयों के द्वारा करना होगा।
7. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता के पास जी0एस0टी0 अपडेट होना अनिवार्य है।
8. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता के पास चरित्र प्रमाण–पत्र होना अनिवार्य है।
9. निविदा का चयन खुली माध्यम से किया जायेगा, जो निविदादाता अकादमी को सर्वोच्च लाभ देंगे उस निविदादाता को तालाब आवंटन किया जायेगा।
10. अन्तिम रूप से चयनित निविदादाता को अकादमी परिसर को गंदा करने की अनुमति नही है। उन्हे उपयोग किये जाने वाले परिसर को साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा।
11. अन्तिम रूप से चयनित निविदादाता को परिसर में अपने स्टाफ के बिना आई कार्ड के प्रवेश नही होगी। निविदादाता अपने–अपने सभी स्टाप का सत्यापन स्वयं करते हुये इस संबंध में आवेदन देकर उनका अकादमी में प्रवेश–पत्र प्राप्त करेंगे। और उसके साथ–साथ यह लिखना होगा कि यह पहचान पत्र केवल अकादमी के परिसर में प्रवेश के लिए ही मान्य है। यह पहचान पत्र अकादमी द्वारा प्राधिकृत पुलिस पदाधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षरित होना चाहिए।
12. अन्तिम रूप से चयनित निविदादाता को किसी भी परिस्थिति में मादक द्रव्यों के साथ प्रवेश करने/सेवन करने के अनुमति नहीं होगी। उनके/उनके कर्मी द्वारा इस तरह के कृत्य में संलिप्त होने/पाये जाने पर तत्काल उनके इकरारनामा रद्द करने की अनुशंसा कर दी जायेगी।

13. निविदा में चयन होने के उपरांत चयनित निविदादाता को तालाब आवंटन हेतु जमानत राशि के रूप में 50,000/– रू अकादमी में जमा करनी होगी।
14. अन्तिम रूप से चयनित निविदादाता को उक्त तालाब के लिए लगायी गयी बोली की राशि इकरारनामा हस्ताक्षरित होने के समय एक बार में जमा करना होगा।
15. निविदा में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।
16. पुलिस उप महानिरीक्षक सह उप निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर को निविदा में किसी शर्त का शिथिल करने/स्वीकृत करने/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।
17. यह निविदा सूचना एवं नियमावली अकादमी के वेवसाइट www.bpa.bihar.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

23.2.2022

पुलिस अधीक्षक सह सहायक निदेशक(प्रशासन)
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर।